शहीदों की नगरी शाहजहांपुर का पहला राष्ट्रीय दैनिक
शेखर टाइम्स
शाहज

नगर आयुक्त ने रैन बसेरों का निरीक्षण किया

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर (रैन बसेरा) में रात्रि की विश्राम के लिये भेजे जाने हेतु नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर का भ्रमण किया।

नगर के विभिन्न स्थानों एवं मार्गो का भ्रमण कर नगर आयुक्त ने असुरक्षित स्थानों पर सो रहे निराश्रित एवं कमजोर लोगों को सुरक्षित स्थान (रैन बसेरा) में रात्रि विश्राम के लिये भेजा।

नगर आयुक्त द्वारा वैश्विक महामारी कोविड-19 एवं ठण्ड से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से सुरक्षित रखने हेतु असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाने हेतु शेल्टर होम हनुमतधाम, शेल्टर होम अजीजगंज (रैन बसेरा) की व्यवस्था का जायजा लिया।

विपुल कुमार सहायक अभियन्ता प्रभारी रैन बसेरा अजीजगंज, पी0के0सिंह सहायक अभियन्ता (जल) प्रभारी रैन बसेरा हनुमतधाम को निर्देशित किया कि आने वाले कमजोर एवं निराश्रित व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिये। रैन बसेरों का

सेनेटाईजेशन कराया जाये एवं प्रत्येक रैन बसेरे पर सेनेटाईजर की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखी जाये, डिस्टेसिंग का पालन कराया जाये। रैन बसेरो में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मास्क उपलब्ध कराया जाये। रैन बसेरो में महिलाओं एवं पुरूषों के सोने व शौचालय आदि की अलग व्यवस्था बनाये रखी जाये।

उप नगर आयुक्त आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता रहे।